अवन–जनवरी–22 \5


प्राविधिक शिक्षा निदेशालय
उत्तर प्रदेश
विकास नगर, कानपुर-208002

Phone No. : 2582084
Fax No. : 2580965
E-mail : directordteup@gmail.com

**Websit :** http://upted.gov.in/directorate


ई–मेल / आवश्यक / समयबद्ध

प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

सेवामें

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय / सहायता प्राप्त पालीटेक्निक संस्थान,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक: 43442 / ई–प्रशा0एस0टी0पी0सी, कानपुर : दिनांक– 07.01. 2021

विषयः–**प्राविधिक शिक्षा विभाग (डिप्लोमा सेक्टर) के अन्तर्गत संचालित संस्थानों में शिक्षण–प्रशिक्षण की गुणवत्ता में सुधार हेतु सर्वश्री मेघा लनिंग फाउण्डेशन एवं प्राविधिक शिक्षा विभाग के मध्य एम0ओ0यू0 हस्तगत कराये जाने के संबंध में।**

महोदय,

कृपया उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि माननीय विभागीय मंत्री जी द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग (डिप्लोमा सेक्टर) के अन्तर्गत राजकीय / सहायता प्राप्त पालीटेक्निक संस्थानों के उन्नयन एवं शिक्षण–प्रशिक्षण को और अधिक गुणवत्ता बनाने के दृष्टिगत अधिशासी निदेशक, मेघा लर्निंग फाउण्डेशन, लखनऊ के साथ दिनांक–08.01.2022 को समय अपरान्ह 01:00 से 04:00 बजे के मध्य एम0ओ0यू0 का हस्तगत किया जायेगा तथा साथ ही परिचयात्मक बैठक भी की जायेगी। माननीय मंत्री जी द्वारा संस्थानों के उन्नयन एवं शिक्षण–प्रशिक्षण को गुणवत्ता पूर्ण बनाने हेतु फोकस एरियास पर भी प्रकाश डाला जायेगा। माननीय मंत्री जी द्वारा सम्पादित कराये जा रहे उक्त विषयांकित आयोजित कार्यक्रम की Live Streaming की जायेगी।

अतः आपसे अपेक्षा की जाती है कि प्रश्नगत आयोजित कार्यक्रम से छात्र / छात्राओं एवं स्टाफ को अवगत कराने के साथ लाभान्वित किये जाने के दृष्टिगत संस्थान में एक बड़े स्क्रीन पर उक्त कार्यक्रम को छात्र / छात्राओं को दिखाये जाने की व्यवस्था किया जाना सुनिश्चित करें। कार्यक्रम का लिंक आपके मोबाइल एवं संस्था की ई–मेल पर पृथक से प्रेषित कराया जायेगा।

भवदीय,

Khan
( एफ0आर0 खान )
प्रधानाचार्य (मु0),
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।

पृ0सं0–43443–47 / ई–प्रशा0एस0टी0पी0सी, तदः दिनांक– 07.01. 2021

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा विभाग, लखनऊ को कृपया प्रमुख सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–3, लखनऊ।
3. समस्त संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, मध्य क्षेत्र, लखनऊ / पूर्वी क्षेत्र, वाराणसी / बुन्देलखण्ड क्षेत्र, झांसी / पश्चिमी क्षेत्र, दौराला, मेरठ को इस अनुरोध के साथ प्रेषित कि उपरोक्त संदर्भित आयोजित कार्यक्रम के संबंध में क्षेत्रान्तर्गत संचालित पालीटेक्निक संस्थानों के प्रधानाचार्यो को अपने स्तर भी निर्देशित करने का कष्ट करें।
4. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।
5. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उ0प्र0, लखनऊ।

Khan
( एफ0आर0 खान )
प्रधानाचार्य (मु0),
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।

संख्या - 680396 /2024/ 16-1099/271/2020

प्रेषक,

**प्रभाकर चन्द्र मिश्र,**
संयुक्त सचिव,

सेवा में,

**निदेशक,**
प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, कानपुर।

प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1 लखनऊ : दिनांक 01 जुलाई, 2024

विषय- उन्नति फाउन्डेशन द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के साथ किये गये एम०ओ०यू० के कार्यान्वयन के संबंध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में अवगत कराना है कि दिनांक-14.03.2024 कोउन्नति फाउन्डेशन प्राविधिक शिक्षा विभाग उ०प्र० के साथ एम०ओ०यू० सम्पादित किया गया है। उक्त एम०ओ०यू० के कार्यान्वायन के सम्बन्ध में पॉलिटेक्निक कालेजो में ट्रेनर चिन्हित किये गये है। उन्नति फाउन्डेशन के द्वारा यह संसूचित किया गया है कि प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पॉलिटेक्निक कालेजो की सूची में से मात्र 03 पॉलिटेक्निक कालेज के प्राधानाचार्यो द्वारा रिस्पॉन्स दिया गया है, शेष कालेजो से कोई रिस्पॉन्स प्राप्त नही हुआ है।

2. उक्त के अतिरिक्त यह भी अवगत कराना है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित 147 पॉलिटेक्निक कालेजों में छात्रो द्वारा ट्रेनिंग के लिये अभी तक इनरोलमेन्ट नही कराया गया है। यह स्थिति उचित नही है।

3. अत: मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उन्नति फाउन्डशन के अन्तर्गत ट्रेनिंग हेतु अधिक से अधिक छात्रो को इनरोलमेंट कराने के लिये सम्बन्धित पॉलिटेक्निक कालेजो के प्रधानाचार्यो को निर्देशित करने का कष्ट करें।

भवदीय,

Signed by
Prabhakar Chandra Mishra
Date: 01-07-2024 14:10:32

(प्रभाकर चन्द्र मिश्र)
संयुक्त सचिव।

ई–मेल

प्रेषक,

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उ0प्र0, कानपुर।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–25420-567/ई–प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024–25 दिनांकः 2 जुलाई ,2024

**विषयः– उन्नति फाउण्डेशन द्वारा प्राविधिक शिक्षा विभाग के साथ किये गये एम0ओ0यू0 के कार्यान्यवयन के सम्बन्ध में।**

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक शासन के पत्रांक–680396/2024/16–1099/271/2020 दिनांक 01.07.2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

शासन के उपरोक्त संदर्भित पत्र दिनांक 01.07.2024 द्वारा अवगत कराया गया है कि दिनांक 14 मार्च 2024 को उन्नति फाउण्डेशन प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 के साथ एम0ओ0यू0 सम्पादित किया गया हैं। उक्त एम0ओ0यू0 के कार्यान्यवयन के सम्बन्ध में पालीटेक्निक, कालेजों में ट्रेनर चिन्हित किये गये हैं। उन्नति फाउण्डेशन द्वारा यह संसूचीत किया गया है कि प्राविधिक शिक्षा निदेशालय के द्वारा उपलब्ध करायी गयी पालीटेक्निक कालेजों की सूची में से मात्र 03 पालीटेक्निक, कालेज के प्रधानाचार्यो द्वारा रिस्पांस दिया गया हैं, शेष कालेजों से कोई रिस्पांस प्राप्त नहीं हुआ हैं। उक्त के अतिरिक्त शासन द्वारा यह भी अवगत कराया गया है कि प्राविधिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित 147 पालीटेक्निक, कालेजों में छात्रो द्वारा ट्रेनिंग के लिये अभी तक एन्रोल्मेंट नहीं कराया गया हैं। यह स्थिति उचित नहीं हैं।

अतः उक्त के सम्बन्ध में आप सभी को निर्देशित किया जाता है कि उन्नति फाउण्डेशन द्वारा पालीटेक्निक कालेजों हेतु चिन्हित ट्रेनरो से आपकी संस्था में अद्ययनरत् छात्र–छात्रओं की ट्रेनिंग कराये जाने हेतु अधिक से अधिक छात्रों का इन्रोल्मेंट दिनांक 03.07.2024 के सायं 5:00 बजे तक प्राथमिकता के आधार पर कराते हुए कृतकार्यवाही से निदेशालय को भी अवगत कराना सुनिश्चित करें जिससे कि वांछित सूचना शासन को अविलम्ब प्रेषित की जा सके अन्यथा की स्थिति में आप स्वयं उत्तरदायी होंगे।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय

**(आशीष गुप्ता)**
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा

पृ0सं0–25568-572/ई–प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024–25 दिनांकः 02 जुलाई,2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–1, विधान भवन लखनऊ को शासन के पत्र दिनांक 01.07.2024 के सम्बन्ध में।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस आशय से प्रेषित कि आपके क्षेत्रान्तर्गत आने वाली समस्त राजकीय पालीटेक्निक, संस्थाओं के प्रधानाचार्यो को छात्रों का इन्रोल्मेंट दिनांक 03.07.2024 के सायं 5:00 बजे तक कराने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

**(आशीष गुप्ता)**
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक प्राविधिक शिक्षा

2

प्रेषक,

ई–मेल

निदेशक,
प्राविधिक शिक्षा,
उ0प्र0, कानपुर।

सेवा में,

समस्त प्रधानाचार्य,
राजकीय पालीटेक्निक,
उत्तर प्रदेश।

पत्रांक–7654–7201 /ई–प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024–25 दिनांकः 26 अप्रैल ,2024

विषयः– **वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के द्वारा दिनांक 14.03.2024 को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के कम में संस्थानों के संकाय को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में**

महोदय,

कृपया उर्पयुक्त विषयक संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के पत्रांक–548837/2024–89–1099/55/2024 दिनांक 26.04.2024 (छायाप्रति संलग्न) का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें।

उपरोक्त संबंध में अवगत कराना है कि शासन के संदर्भित पत्र में उल्लिखित है कि वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता द्वारा दिनांक 14.03.2024 को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के कम में संस्थानों के संकायों को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में समय सारिणि के अनुसार नामित फैकेल्टी को संबंधित प्रशिक्षण संस्थानों में पूवान्ह 9:00 बजे तक उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया। दिनांक 20/21–04–2024 को प्रथम चरण के प्रशिक्षण कार्यकम के संचालन के दौरान वाधवानी फाउण्डेशन द्वारा कतिपय समस्याओं के तरफ ध्यान आकृष्ट कराते हुए उल्लिखित किया गया कि प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यकम अपेक्षानुसार अपने उद्धेश्य को पूर्ण नहीं कर सकी। शासन के संदर्भित पत्र दिनांक 26.04.2024 द्वारा पत्र में उल्लिखित कमियों का निराकरण अपने स्तर से शीघ्र कराया जाये जिससे आगामी प्रशिक्षण कार्यकम का सफल एवं सुचारू संचालन किया जा सके।

अतः शासन के संदर्भित पत्र में वर्णित समस्याओं के संबंध में निम्नवत् निर्देशित किया जाता हैः–

1. प्रशिक्षण स्थलों पर इण्टरनेट की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाये।
2. प्रशिक्षण हेतु नामित संकायों/प्रशिक्षणार्थियों को समय से उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया जाये।
3. ऐसे प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण हेतु नामित किया जाये जिन्हे आई0टी0 का बेसिक ज्ञान हो।
4. प्रशिक्षण हेतु ऐसे संकायों/प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण हेतु नामित न किया जाये जिनकी सेवानिवृत मे अल्प अवधि शेष हो।

कृपया उपरोक्त निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जाये।

**संलग्नक–उपरोक्तानुसार।**

भवदीय,

**( आशीष गुप्ता )**
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

पृ0सं0–7202–06 /ई–प्रशा0/एस0टी0पी0सी0 2024–25 दिनांकः अप्रैल ,2024

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. संयुक्त सचिव, उत्तर प्रदेश शासन व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग को उनके संदंर्भित पत्र दिनांक 26.04.2024 के संबंध में।
2. समस्त क्षेत्रीय संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत आने वाली सम्बन्धित संस्थाओं को उपरोक्त निर्देशो का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किये जाने हेतु अपने स्तर से भी निर्देशित करने का कष्ट करें।

**( आशीष गुप्ता )**
प्रधानाचार्य (मु0)
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश, कानपुर।

File No.89-1099/55/2024- -1- -Part(1)

I/548837/2024

182

प्रेषक,

कुलदीप बाबू,
संयुक्त सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

1. निदेशक, प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उ0प्र0 लखनऊ।
2. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, कानपुर।
3. मिशन निदेशक, उ0प्र0 कौशल विकास मिशन, अलीगंज लखनऊ।
4. कुलपति, ए0के0टी0यू0, लखनऊ/एच0बी0टी0यू0, कानपुर, एम0एम0एम0यू0टी0, गोरखपुर।
5. समस्त निदेशक, शासकीय अनुदानित अभियंत्रण संस्थान, उ0प्र0।

व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता अनुभाग लखनऊ: दिनांक: 26 अप्रैल, 2024

विषय:- वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा , कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के द्वारा दिनांक **14.03.2024** को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के क्रम में संस्थानों के संकाय को प्रशिक्षण दिये जाने के संबंध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक शासन के पत्र संख्या-I/539469/2024, FileNo.-89-1099/55/2024, दिनांक 10.04.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके माध्यम से वाधवानी फाउंडेशन के साथ प्राविधिक शिक्षा तथा व्यावसायिक शिक्षा, कौशल विकास और उद्यमशीलता विभाग के द्वारा दिनांक 14.03.2024 को हस्ताक्षरित एम0ओ0यू0 के क्रम में संस्थानों के संकायों को प्रशिक्षण दिये जाने के संबध में समय-सारिणी के अनुसार नामित फैकल्टी को संबंधित संस्थानों में पूर्वान्ह 09:00 बजे तक प्रशिक्षण स्थल पर उपस्थित होने हेतु निर्देशित किया गया है।

2- अवगत कराना है कि दिनांक 20/21-04-2024 को प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम के संचालन के दौरान वाधवानी फाउंडेशन द्वारा कतिपय समस्याओं की ओर ध्यान आकृष्ट किया गया है:-

1. प्रशिक्षण स्थलों पर इन्टरनेट की समुचित व्यवस्था न होना।
2. संकायों/ प्रशिक्षार्थियों की उपस्थिति ससमय न होना।
3. कतिपय प्रशिक्षार्थियों को बेसिक आई0टी0 ज्ञान न होने के कारण उनके द्वारा स्मार्ट फोन के प्रयोग में उनकी असमर्थता के दृष्टिगत प्रशिक्षण उनके लिये उपयोगी नही रहा।
4. प्रशिक्षण हेतु कतिपय ऐसे संकायों को नामित किया गया जिनकी सेवानिवृत्ति में अल्प अवधि शेष है। इससे प्रशिक्षार्थियों द्वारा प्रशिक्षण में रूचि प्रदर्शित नही की गयी।

उपरोक्त समस्याओं के दृष्टिगत प्रथम चरण का प्रशिक्षण कार्यक्रम अपेक्षानुरूप अपने उद्देश्य को पूर्ण नही कर सकी।

3- अत: इस संबंध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कृपया उक्त कमियों का निराकरण अपने स्तर से शीघ्र कराने का कष्ट करे, ताकि आगामी प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल एवं सुचारू संचालन किया जा सके।

भवदीय,

Digitally Signed by कुलदीप बाबू
Date: 26-04-2024 14:09:32
Reason: Approved

(कुलदीप बाबू)
संयुक्त सचिव।

संख्या एवं दिनांक तदैव,

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. श्री सुनील दहिया, वाधवानी फाउंडेशन, 7th फ्लोर, इरोस कारपोरेट टावर, ओपोजिट मेट्रो स्टेशन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019 को इस आशय से प्रेषित कि उपर्युक्त सूचना के अनुसार प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित कराने का कष्ट करें।
2. श्री नितिन झाम्बा, निदेशक(लर्नर सक्सेस), 7th फ्लोर, इरोस कारपोरेट टावर, ओपोजिट मेट्रो स्टेशन, नेहरू प्लेस, नई दिल्ली-110019, मोबाइल संख्या-09958221056।

3. प्राविधिक शिक्षा अनुभाग-1
4. गार्ड फाईल।

आज्ञा से,
(कुलदीप बाबू)
संयुक्त सचिव।